Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 06 अक्तूबर , 2020

drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-06-october-2020

क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक

चार देशों के समूह **क्वाड** के विदेश मंत्रियों की बैठक जापान की राजधानी **टोक्यो** में आयोजित की जा रही है। अमेरिका, जापान, ऑस्ट्रेलिया और भारत क्वाड समूह में शामिल हैं। विदेश मंत्रालय ने बताया कि बैठक में वैश्विक महामारी COVID-19 के बाद अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था और चुनौतियों से निपटने के समन्वित प्रयासों पर विचार-विमर्श होगा। क्षेत्रीय मुद्दों तथा मुक्त और समावेशी हिंद-प्रशांत क्षेत्र के महत्व पर भी चर्चा होगी। क्वाड विदेश मंत्रियों की यह दूसरी बैठक होगी। इससे पहले वर्ष 2019 में क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक संयुक्त राष्ट्र महासभा से इतर हुई थी। भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर जापान और ऑस्ट्रेलिया के विदेश मंत्रियों के साथ भी द्विपक्षीय बैठक करेंगे। बैठक के दौरान परस्पर हित के द्विपक्षीय और क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है।



एंटी-एयर पॉल्यूशन कैंपेन का शुभारंभ

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने 5 अक्तूबर 2020 को स्वच्छ राष्ट्रीय राजधानी के लिये **'युद्ध प्रदूषण के विरुद्ध'** नाम से एक वायु-प्रदूषण विरोधी अभियान शुरू किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि, वैश्विक महामारी COVID- 19 के दौरान वायु प्रदूषण जीवन के लिये खतरा हो सकता है क्योंकि ये दोनों ही हमारे फेफड़ों को प्रभावित करते हैं। इस अभियान के तहत राज्य ने दिल्ली शहर के सभी 13 प्रदूषण हॉटस्पॉट्स के लिये अलग-अलग योजनाएँ तैयार की हैं। इस अभियान के फोकस क्षेत्रों में पेड़ों का प्रत्यारोपण, इलेक्ट्रिक वाहन को अपनाना और धूल नियंत्रण जैसे विभिन्न उपाय शामिल हैं। इस अभियान की शुरुआत करते हुए दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल ने यह घोषणा की है कि वायु प्रदूषण से लड़ने के लिये सरकार द्वारा उठाए गए सभी प्रदूषण-विरोधी उपायों की निगरानी के लिये दिल्ली में एक **'वॉर रूम'** बनाया जा रहा है। दिल्ली के मुख्यमंत्री ने यह भी घोषणा की है कि **'ग्रीन दिल्ली'** नामक एक मोबाइल ऐप का भी विकास किया जा रहा है, जो लोगों के द्वारा प्रदूषण पैदा करने वाली गतिविधियों को दिल्ली सरकार के ध्यान में लाने में मदद करेगा।

विश्व पर्यावास दिवस

प्रत्येक वर्ष अक्तूबर माह के प्रथम सोमवार को वर्ल्ड हैबिटेट डे अर्थात् विश्व पर्यावास दिवस मनाते हैं। विश्व पर्यावास दिवस को मूल अधिकारों जैसे कि आश्रय, भोजन इत्यादि के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से मनाया जाता है। विश्व पर्यावास दिवस सर्वप्रथम वर्ष 1985 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा एक संकल्प के माध्यम से घोषित किया गया था। इस दिन संयुक्त राष्ट्र बेहतर आवासीय व्यवस्था से जुड़ी घटनाओं, गतिविधियों, विकास की योजनाओं और इसे प्राप्त करने के समाधान के बारे में चर्चा करता है। प्रत्येक वर्ष इसे अलग थीम पर मनाया जाता है, जो बेघरों के लिये आश्रय, सुरक्षित शहर, स्लम क्षेत्रों का विकास, शहरी शासन में महिलाओं का योगदान जैसे विषयों से जुड़ी होती है।**'सभी के लिये आवास: एक बेहतर शहरी भविष्य'** नामक थीम के साथ इस वर्ष विश्व पर्यावास दिवस मनाया जा रहा है।